इकाई अध्ययन किन्हीं विशिष्ट स्थितियों में संचालित होता है। इसमें वस्तुनिष्ठ विधि तथा व्यक्तिगत निरीक्षण की आवश्यकता होती है। वास्तव में इकाई अध्ययन का अर्थ, गहराई तक अध्ययन करना परन्तु यह वस्तुनिष्ठ सूचनाओं के स्थान पर सैद्धान्तिक सूचनायें देती है। यह उस सन्दर्भ में विस्तृत जाना तो देता है परन्तु उस ज्ञान से हट कर सामान्यीकरण नहीं करता है। भौतिक विज्ञान में प्रत्येक इकाई जनसंख्या का शुद्ध प्रतिनिधित्व करती है परन्तु शिक्षा शास्त्र में उसकी ईकाईयाँ जनसंख्या का प्रतिनिधित्व नहीं भी कर सकती है। व्यक्तिगत भिन्नताओं व आन्तरिक व्यक्तिगत भिन्नताओं के कारण पूर्ण कथन केवल ज्ञान के आधार पर नहीं कर सकते हैं। कोई भी सांख्यिकीय अनुमान किसी भी तथ्य की खोज में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है।

इकाई का अर्थ किसी व्यक्ति विशेष से ही नहीं बल्कि इकाई का अर्थ एक इकाई भी हो सकती है। एक संस्था, राष्ट्र, धर्म व व्यक्ति या एक तथ्य भी हो सकता है। इस प्रकार की स्थिति (इकाई) को संकेत करती है।

1. इकाई का निकट अध्ययन (Close Study)
2. गहन अध्ययन (Deep Study)
3. संचयी अध्ययन (Cumulative Study)
4. उपचारात्मक अध्ययन (Clinical Study)

केस स्टडी अध्ययन का योगदान – ओसलोन ने इकाई अध्ययन के महत्त्वपूर्ण योगदान को छ: रूप में विभाजिन किया है :

1. इकाई का वर्गीकरण विशिष्ट वर्गो में सम्प्रेष्ण के साधन में व्यवसायिक कार्यकताओं के हेतु समस्याओं की प्रवृत्ति से सम्बन्धित होता है।
2. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय का अध्ययन करना है वहाँ अध्ययनरत बालकों का स्वभाव उनके अभिभावक, अध्यापक, पढ़ाने वाले संस्थान, सुविधाएँ तथा उस इकाई से संबंधित सभी प्रकार का अवलोकन करना होता है।
3. सांख्यिकी परिणामों की व्याख्या और प्रमाणिकता हो जैसा कि दो समरूप स्थितियों के ऐतिहासिक विवरणों के तथ्यों को जाना जाता है।
4. सामाजिक संस्थागत समूहों व परिवारों, कक्षाओं, विद्यालय या समाज के अध्ययन के द्वारा किया जाए।
5. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में स्थित सामग्री को संस्थाओं में उपलब्ध करा कर।

1. इकाई अध्ययन के उद्देश्य – इकाई अध्ययन के प्रमुख चार उद्देश्य है :

1. उपचारात्मक उद्देश्य (बीमार से संबंधित बर्ताव)
2. निदानात्मक उद्देश्य (कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षण से संबंधित परिस्थितियों में उपचारात्मक निर्देशन देना)
3. शैक्षिक व मनोवैज्ञानिक समस्याओं से संबंधित तथ्यों का अध्ययन करना।
4. अन्य सूचनाओं को जोड़ना, यह एक अनुकरणीय कार्य भी हो सकता है।

2. अध्ययन के प्रकार– इकाई अध्ययन छ: प्रकार से किया जाता है:

1. सामाजिक या सामूहिक इकाई अध्ययन
2. कारण का तुलनात्मक अध्ययन
3. अनुवर्ती अध्ययन
4. क्रियात्मक विश्लेषण
5. विषय वस्तु का विश्लेषण
6. अध्ययन की प्रवृति

इकाई–प्रदत्तों के स्रोत:

1. व्यक्तिगत लेख डायरी आत्मकथायें, स्मृतियाँ, पत्र व स्वीकारोक्तियाँ
2. जीवन वृत लेख यह व्यक्ति के जीवन की उन घटनाओं के विषय से सम्बन्धित हैं जो व्यक्ति से सम्बन्धित रहते है।
3. सम्बन्धित व्यक्ति माता–पिता, पड़ोसी, मित्र, अध्यापक आदि।
4. राजकीय प्रमाण संगठन, क्लब संस्था आदि। बाल पुस्तकें, विद्यालय प्रमाण, पुलिस, सैन्य

3. व्यक्ति की इकाई का अध्ययन – एक से अधिक सूचनाओं के आधार पर एक व्यक्ति को इकाई अध्ययन कहा जा सकता है। ये व्यक्ति के जीवन की वह महत्वपूर्ण घटनायें होती है जिनका विश्लेषण तथा अध्ययन, उस व्यक्ति से सम्बन्धित तथ्यों के विस्तार के अवलोकन से किया जा सकता हैएक व्यक्ति की इकाई का अध्ययन निम्न स्रोतों के आधार पर किया जा सकता है –

1. परिवार का इतिहास जानकर, संचयो रिकार्ड, व्यक्ति या व्यक्तिगत साक्षात्कार से, उसके साथियों व मित्रों के साक्षात्कार द्वारा, व्यक्तिगत आदतों के अध्ययन से, व्यक्ति के विद्यालय आलेख द्वारा, कक्षा में उपस्थिति/ अनुपस्थिति, उपलब्धियों के आधार पर, महत्वाकांक्षा का स्वरूप, उसके प्रति अध्यापक का दृष्टिकोण, व्यक्तिगत योगदान, खेल के मैदान व अन्य स्थानों पर कार्य कौशल, कक्षा व सामाजिक समूहों में व्यक्तिगत तथा भावनात्मक समायोजन द्वारा, अध्ययन किया जा सकता है। यह मानचित्र अनुसन्धानकर्ता को निदान, उपचार तथा सुझाव देने में सहायता करता है,

इकाई का इतिहास भी तैयार किया जा सकता है।

4. समूह का इकाई अध्ययन – समूहों की समस्याओं के सापेक्ष में समूहों की सम्भावनाओं की उपलब्धि में ये सावधानियाँ ली जाती हैसमूह की गति के लिये अधिकतर सामाजिक मापनी का प्रयोग किया जाता है। निम्नलिखित पाँच मुख्य पदों का प्रयोग इकाई अध्ययन के लिये किया जाता है :

1. स्थिति का स्तर ज्ञात करना, 2. कारण प्रभाव तथ्यों का निदान तथा पहचान करना, 3. प्रदत्तों का संकलन करना, 4. समायोजन के कार्यक्रमों का अनुसरण या कार्यक्रम की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना, 5. अगला समायोजन उपचार तथा सान्त्वना देना।

5. किसी संस्था का इकाई अध्ययन – उपरोक्त अन्य परिस्थितियों की तुलना में इकाई अध्ययन अलग ही है। इसमें संस्था के उत्थान बिन्दु से संबंधित उन विशिष्टताओं की खोज के लिए सुझाव दिये जाते है।

6. इकाई अध्ययन की सीमायें – एक इकाई अध्ययन सामान्यत: निम्नलिखित सीमाओं से प्रभावित होती:

1. अभिभावक तथा सम्बन्धीगण इकाई या व्यक्ति से संबंधित कमजोरियों को बताना पसन्द नहीं करते हैं।
2. सांख्यिकीय निष्कर्ष सही नहीं निकाले जा सकते हैं।
3. इसमें समय तथा धन का अपव अधिक होता है।
4. वस्तुनिष्ठता में अध्ययन करना कठिन है।
5. अवधारणाओं का सूत्रपात करना कठिन हो जाता है।
6. प्रदत्तों तथा सूचनायें क्रमबद्ध रूप से प्राप्त नहीं की जाती है।

7. उत्तम इकाई अध्ययन विधि के मानदण्ड – इकाई अध्ययन के संतोषजनक परिणामों के लिये निरन्तरता प्रदत्तों का पूर्ण वैध होना व विश्वसनीय चयन और वैज्ञानिक संगठन का होना आवश्यक है।

(1) निरन्तरता, (2) डाटा की पूर्णता, (3) प्रदत्तों की वैधता, (4) गुहा प्रमाणता, (5) वैज्ञानिक विश्लेषण

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा शोधकर्ता को पूर्ण एवं गहन बनाने के लिए निम्नलिखित कार्य प्रणालियों को अवश्य अपनाना चाहिए।

(1) समस्या की विवेचना

(1) ईकाइयों का चुनाव, (2) ईकाइयों के प्रकारों का निर्धारण, (3) ईकाइयों की संख्या का निर्धारण, (4) विश्लेषण का क्षेत्र

(2) घटनाओं के अनुक्रम का वर्णन

(3) निर्धारक अथवा प्रेरक कारक

(1) समस्या की विवेचना – आर्थिक शोध के अन्तर्गत आर्थिक घटनाओं का अध्ययन वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से करने के पूर्व समस्या के प्रत्येक पहलुओं का विस्तृत विवेचन आवश्यक होता है क्योंकि समस्या के प्रत्येक पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। इसी के साथ-साथ यह भी निर्धारित पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। इसी के साथ-साथ यह भी निर्धारित कर लेना चाहिए कि इस आर्थिक समस्या का सम्बन्ध अन्य सामाजिक समस्याओं से कैसा है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक पहलुओं के साथ निम्नलिखित का भी निश्चत कर लेना चाहिए :

1. ईकाइयों का चुनाव – शोधकर्ता को सर्वप्रथम यह निश्चित करना चाहिए कि आर्थिक घटना से सम्बन्धित किन-किन पहलुओं का अध्ययन करना है। इसके लिए निदर्शन पद्धति अति आवश्यक है।

2. ईकाइयों के प्रकारों का निर्धारण – समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते है उसमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि उस निदर्शन का चुनाव किया गया वह समय का प्रतिनिधित्व करें।

3. ईकाइयों की संख्या का निर्धारण – उस समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते है प्रयास यह करना चाहिए कि निदर्शन समग्र का प्रतिनिधित्व भी करे और उसमें संख्या कम हो क्योंकि इस पद्धति में प्रत्येक का अलग-अलग गहन अध्ययन करना पड़ता है।

4. विश्लेषण का क्षेत्र – समस्या के सम्बन्ध में विश्लेषण का क्षेत्र निर्धारित करना आवश्यक हो जाता है क्योंकि समस्या के किस पहलू को हम अधिक महत्त्व देते है और किसको कम यहाँ कम या अधिक ाक हन यह नहीं है कि किसी भी पहलू को छोड़ दिया जाता है बल्कि सभी पहलुओं का गहन अध्ययन किया जाता है।

5. घटनाओं के अनुक्रमण प्रेरक कारक – समस्या के अध्ययन के पश्चात् यह आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक घटना के निर्धारक अथवा प्रेरक कारकों का भी अध्ययन किया जाए। इसके अन्तर्गत तथ्यों को एकत्रित किया जाता है जिनके द्वारा घटना घटित हुई जेसे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का अध्ययन करने के पश्चात् यह आवश्यक हो गया कि उन कारकों का भी विस्तृत अध्ययन किया जाय जिनके कारण अर्थ व्यवस्था में मुद्रास्फीति की स्थिति आयी है।

6. महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का साधन – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का निर्माण होता है साथ ही साथ उन महत्त्वपूर्ण पहलुओं की भी जानकारी हो जाती है जिनका आर्थिक घटना से सम्बन्ध होता है और उनका अध्ययन आवश्यक है। किसी भी प्राकल्पना को दो महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है - प्रथम सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन, द्वितीय वैयक्तिक अध्ययन इस प्रकार प्राकल्पनाओं का निर्माण इससे संभव रहता है।

7. सामग्री की सम्पूर्णता – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से जो तथ्यों का सूचनाओं को संकलित किया जाता है वह अपने से सम्पूर्णता लिए हुए रहती है। ऐसा अन्य किसी अध्ययन पद्धति में नहीं पाया है।

8. ईकाइयों का वर्गीकरण एवं विभाजन – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत संकलित तथ्यों और सूचनाओं का वर्गीकरण एवं विभाजन आसानी से कर सकते है कि अध्ययन के समय ही विभिन्न वर्गो का अध्ययन किया गया है। इससे हम समग्र में से निदर्शन का चुनाव भी कर सकते है।

वैयक्तिक अध्ययन का सांख्यिकीय विधि – वैयक्तिक अध्ययन तुलनात्मक रूप से सांख्यिकीय विधि से निम्न प्रकार भिन्न है।

1. वैयक्तिक अध्ययन सामान्य रूप में कुछ अध्ययन की ईकाइयों का गहनता से अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत बड़ी संख्याओं का अध्ययन किया जाता है।
2. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम वर्णात्मक अध्ययन विधि का प्रयोग करते है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत हम परिमाणात्मक रूप में विषय के पक्षों को रखते हैं। वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम मुक्त व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र होते है, जबकि सांख्यिकीय विधि में करने के लिए स्वतंत्र होते है, जबकि सांख्यिकीय विधि में संरचनात्मक गठन अधिक मजबूत होता है। वैयक्तिक अध्ययन में किसी वर्गीकरण तथा विभेद के लिये पूर्व सूचनाएं एवं जानकारियों का होना आवश्यक नहीं होता।
3. वैयक्तिक अध्ययन किसी व्यक्ति, घटना अथवा समूह का गहनता से सभी पक्षों का अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत

सभी अथवा कुछ ईकाइयों के एक या दो पक्षों का ही अध्ययन किया जा सकता है।

4. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम सामान्य रूप में निष्कर्षो पहुँचते है जो कि हमारे सामान्य निर्णय एवं संवेदन क्षमता पर निर्भर करता है। इन निष्कर्षों पर कोई निश्चित गणितीय अथवा सांख्यिीय परीक्षण नहीं किये जाते है।

5. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम अध्ययन की ईकाइ का चयन किसी निदर्शन के आधार पर न कर से इसका चयन अपनी सुविधा तथा अध्ययन की अवधि को ध्यान में रखते हुए है।

6. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम किसी सामाजिक घटना के भावनात्मक पक्ष पर अधिक ध्यान देते हैं, यह इस मान्यता पर आधारित है कि अमुक सामाजिक घटना पर किसी वर्ग के भावनात्मक पक्ष पर कितना प्रभाव रहा है किसी व्यक्ति के जीवन पर वास्तविक जीन की घटनाओं का विशेष प्रभाव पड़ता है जिसे हम किसी भी तरह से उसके जीवन में अलग नहीं कर सकता।

वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार – अभी तक की चर्चा में पाठकों ने समझा कि वैयक्तिक अध्ययन एक गुणात्मक अथवा दीर्घ साक्षात्कार के समान होता है जिसमें कथानक का तत्तव मौजूद होता है। यहाँ पर पाठकों से साक्षात्कार एवं वैयिक्तक अध्ययन में स्पष्ट करना आवश्यक है।

यह सभी को विदित होगा कि वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार दोनों में ही वर्णनातमक रूप से जीवन घटना अथवा उत्तारदाता की प्रतिक्रिया समझायी जाती है परन्तु दोनों में एक प्रमुख अन्तर यह है कि वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत लिये जानी वाली इकाइयों की संख्या बहुत कम होती है।

वही साक्षात्कार के अन्तर्गत हम बड़ी संख्या की ईकाइयों की प्रतिक्रिया को साक्षात्कार विधि से अध्ययन करते है। अत: वैयक्तिक अध्ययन साक्षात्कार से अधिक विस्तृत विधि है जिसमें ईकाइयों की संख्या कम होती है परन्तु अनेक विधियों के प्रयोग से अध्ययन किया जाता है। प्रस्तुत लेख में शोधार्थी ने वैयक्तिक अध्ययन विधि के बारे में विस्तार से वर्णन प्रस्तुत किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुड तथा हॉट (2012) – मेथडस इन सोशल रिसर्च Surjeet Publicaton, नई दिल्ली।
2. डी.एन. चतुर्वी, वी. सी. सिन्हा – आर्थिक शोध के तत्त्व लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. Arthur Orhauser “Are Public Opinion Polls fair to organized Labour ? Public opinion Quartely Vol. X (19412), PP-484-500.
4. Norman C Meier and Cletus J. Burke - “Laboratory Tests of Sampling Techniques” Public opinion Quartely.
5. Deming W.Edward, “On Errors in Surveys” American Sociological Review, Vol. X (August 1944) pp 359-3129.
6. Dr. Ankita Gupta (2015) - questionnaire - Uttarakhand Open University, Haldwni Distance Learning Material
7. http://wwwdissertation.com
8. wikipedia.The area Encyclopedia
9. http://www.thejaps.org.pk

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
October to December 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIV

सरगुजा रियासत का इतिहास

डॉ. रश्मि सोनी*

* शिक्षक, शा. प्राथमिक शाला, बिरकोना, जिला बिलासपुर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – छत्तीसगढ़ फ्यूडटरी स्टेट्स में सरगुजा देशी रियासत की भौगोलिक सीमा 6089 वर्ग मील तथा कुल जनसंख्या 3,51,011 थी। 1905 तक सरगुजा बंगाल प्रांत के छोटा नागपुर की एक रियासत थी। इसके उत्तर में संयुक्त प्रांत (वर्तमान में उत्तर प्रदेश) में मिर्जापुर जिला तथा रींवा रियासत, पूर्व में बंगाल प्रांत के पलामू तथा रांची जिला, दक्षिण में जशपुर तथा उदयपुर रियासत तथा परिचम में कोरिया रियासत की सीमा से जुड़ा था।

विद्धान इतिहासकारों की राय में सरगुजा का प्रारंभिक इतिहास अंधकारमय हैं सन् 1758 ई. के पहले का कोई इतिहास सच्चाई पर अवलंबित नही हैं पर सरगुजा राजवंश की वंशावली के अनुसार सन् 194 ई. से 1947 ई. तक इस वंश ने सरगुजा में राज्य किया । इस राज्य का इतिहास अत्यंत प्राचीन बताया जाता है। 194. ई से इस राज्य की उत्पत्ति का इतिहास बताया जाता है। कहा जाता है कि इस वक्त सरगुजा में द्राविण जातियां राज्य करती थी। इन जातियों का एक मुखिया था जिसे राजा भी कह सकते है। यह अपने क्षेत्र का शासन प्रबंध करता था। इस तरह के शासन करने वाली जातियां खैरवार, कंवर, गोड़, कोरवा, कोड़ाकू, किसान, मुंडा आदि थी। ये लोग अत्यंत असभ्य और अशिक्षित थे। कन्दमूल आदि ही इनका भोजन, वल्कल, घास, पत्ता, ही इनका वस्त्र था। ये लोग आपस में लड़ते थे। सन् 194 में इन पर एक अर्थशेल राजपूत ने आक्रमण किया जो पलामू जिला के कुंडरिया ग्राम का था। उसने इन आदिम जातियों को हरा कर के अपने अधीन कर लिया। इन्ही के वंश के राजा विष्णु प्रताप सिंह ने 195 ए.डी.में डीपाडीह ग्राम (सामरी तहसील) मे प्रवेश किया। वहां के आस पास के इलाके को वहां के द्रविण राजा सामनी सिंह के लड़के ने छीन लिया उन्होने अपने राज्य का विस्तान किया । रायमगढ़ पर्वत पर अपना जिला बनाया। उन्होने 35 वर्ष राज्य शासन चलाया। उनकी मृत्यु के बाद उनका पुत्र राजा देवराज सिंह सन् 230 ई0 में गद्दी पर बैठा। उसके बाद राज्य का उतराधिकारी ज्येष्ठ पुत्र ही होता गया। महाराजा रामनुज शरण सिंह देव इस वंश के 114 पीढ़ी में आये। दिनांक 24 फरवरी 1825 को ब्रिटिश सरकार ने उन्हे पट्टा प्रदान किया जो कि वर्ष 5 वर्ष (1232 से 1236 फसली) के लिये था। इसके अनुसार राजा अमर सिंह को 300.00 वार्षिक जमा कराने का आदेश था। 1826 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हे महाराजा की पदवी प्रदान किया । वे सरगुजा राज्य के प्रथम फयुडेटरी चीफ थे।

महाराज अमर सिंह दानी और उदार हदय के शासक थे। उनके वक्त राज्य में पूर्ण शांति थी। व्यापार और खेती की विशेष उन्नति हुई। उन्होने कई इलाकेदार, खोरपोशदार, अमीरदार या माफीदार बनाये और कई टप्पा और गांव इन लोगों को दिया। विश्रामपुर एक टप्पा बचा। इन्होने अपने प्रत्येक भाई को टप्पा उनके गुजर बसर के लिए दिये। इन्होने पट्टा दिया जिसमें स्टेट की सेवा करना था। इन लोगों को मामूली लगान पर गांव और इलाके दिये। इसका बुरा असर राज्य की आय पर पड़ा। महाराजा अमर सिंह ने उदयपुर, जशपुर, कोरिया और चांगभखार स्टेट का स्वामित्व खो बैठा। यद्यपि ऐसा कोई प्रमाणित सबूत नही है कि चांगभखार और कोरिया रियासत सरगुजा के अधीन था।

महाराजा अमर सिंह अपने अंतिम दिनों में अपने द्वितीय पुत्र लाल विन्धेश्वरी प्रसाद सिंह से प्रभावित हो शासन प्रबंध करते थे। महाराजा की मृत्यु सन् 1852 में हुई।

महाराजा अमर सिंह के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र गद्दी पर बैठें। पर मस्तिष्क विकार के कारण वे शासक के अयोग्य ठहराये गये। छोटे भाई लाल विन्देश्वरी प्रसाद सिंह को राज शासन का भार सौंपा गया। उन्हे राजा की पदवी ब्रिटिश सरकार ने अवश्य दिया था। राजा विन्देश्वरी प्रसाद सिंह चालाक होने के कारण अवसर से फायदा उठाने से नही चुके थे। उन्होने अपने तथा अपने स्वजनों के लिए पहाड़ बुल्ला,प्रतापपुर, चलगली, विजपुर (छौरपुर) टप्पा ले लिये जिसकी आय लगभग 18,000/– थी।

महाराजा इन्द्रजीत सिंह की मृत्यु 1879 मे हुई। उस वक्त उनके पुत्र रघुनाथशरण सिंह नाबालिग थे। ये 1882 में गद्दी पर बैठें। सन् 1887 में उन्हे महाराजा की पदवी लार्ड बफरिन द्धारा प्राप्त हुई। 1896 वायसराय और गर्वनर जनरल लार्ड इलगिन ने महाराजा बहादूर की पदवी से उन्हे विभूषित किया।

महाराज रघुवंश शरण सिंह सरगुजा को वर्तमान रूप दिये। उन्होने स्ट्रेट की प्रगति पर तेजी से बढ़ाया और बहुमुखी विकास कार्य शुरू किये। उन्होने दस अदालते दिवानी और फौजदारी, 25 प्राइमरी स्कूल, एक हाईस्कूल जिसे एडवर्ड हाईस्कूल कहते है, 3 अस्पताल, 17 पोस्ट आफिस अंबिकापुर में एक टेलीग्राफ आफिस खोले। आबकारी विभाग खोल उन्होने रधुनाथ भवन का निर्माण किया। जिसे बिजली और पंखों से सुसज्जित किया। उन्होने जेल, स्कूल आदि का सुंदर इमारत बनवाया। वे कलकत्ता तथा पंजाब के योग्य कारीगर बुलाये। वे 5 उद्यान नगर में निर्माण किये। वे उदयपुर और मढ़वा सड़क बनवाये और कई मोटरें मंगवाये।

उन्होने कई टप्पों को वैधानिक तरीके से जब्त कर लिया लड़आ, तातापानी, मड़वा, मदगुरी, चलाली और मंगरपुर लावल्दियत के कारण तथा

पाल ,राजखेता, बिलखा, वन्दनी और ठड़िया बरही राजभक्ति अभाव के जप्त किये। वे 38 वर्ष शासन किये। 31 दिसंबर 1917 को इनका निधन हो गया। इनके इकलौते पुत्र महाराज रामानुज शरण सिंह देव का राजतिलक हुआ (रामनुजशरण-1971-1947) इनका जन्म 4 नवंबर 1894 को हुआ। पिता की मृत्यु के वक्त इनकी उमर 23 वर्ष थी। इन्हे अंग्रेजी और हिन्दी का पूर्ण ज्ञान था।

18 अप्रैल 1918 को राजभवन में एक बड़ा दरबार हुआ पोलिटिकल एजेंट एफ.एल.क्रेफोर्ड स्वयं उपस्थित हो खिल्लत और जेवरातों से जड़ित तलवार भेंट किया। उसके लार्ड चेम्सफोर्ड वायसराय और गर्वनर जनरल द्वारा भेजी सनद 'खानदारी महाराजा' की पदवी का एलान किया। इसके पहले व्यक्तिगत शासक को ही महाराज की पदवी समय-समय पर मिली थी। उस वक्त सरगुजा का क्षेत्रफल 6055 वर्गमील था। आबादी 1921 के अनुसार 3,17,679 तथा मालगुजारी 6,18,047 थी। प्रथम महायुद्ध 1914-17 में ब्रिटिश सरकार को गद्दी पाने की खुशी में इकरार दिये। इसके अलावा युद्ध कालीन कर्ज भी दिये।

उन्होने जबलपुर में सरगुजा हाऊस यंगमैन क्रिश्चियन ऐसोसियेशन के हेतु 18,000/- का भवन तैयार करा दिया तथा 53,000/- रकम देकर राजकुमार कॉलेज में बिजली लगवा दिये। 26 नवंबर 1919 को रामपुर के दरबार में चीफ कमिश्नर ने सी.बी.ई की दवरी से महाराजा को विभूषित किया तथा राजकीय मामलों में पूर्णत:स्वतंत्रता मिल गयीं। 31.3.33 ईसवीं को राजकीय तौर पर महाराजा को पदवी मिली। 26.2.1937 ई. को पुन: दोहराई हुई सनद मिली। इसके अनुसार विशेष अधिकार मिलने पर मालगुजार 3000.00 बढ़ा दी गयी। वे अपनी रियासती मामलों में पूर्ण स्वतंत्र थें । फौजदारी मामलों में केवल सेसन जज के अधिकार मिले थे, जिनका अधीन स्वयं रेजिडेंट सुनता था। वे चेम्बर ऑफ प्रिन्स के सदस्य मनोनित किये गये। इनके पुत्र युवराज अंबिकेश्वर शरण सिंह दूसरे पुत्र चंडिकेश्वरशरण सिंह और तीसरे पुत्र राजा साहेब उदयपुर जो गोद लिये गये। । उन्होने प्रतापपुर पहाड़ बुल्ला (पहाड़ गांव) और धौरपुर तथा 11 गांव अपने खोरपोश के वास्ते सरगुजा स्टेट से ले लिये।

लाल बिन्देश्वरी सिंह ने प्रतापपुर को सुंदर नगर बनाया और राजधानी बनाया। प्रतापपुर से रांची और दिल्ली को सड़के जाती थी। लाल बिन्देश्वरी प्रसाद उदयपुर राज्यके जब राजा हुए तब भी सरगुजा की खोर पोशदारी के उपरोक्त गांव के उपरोक्त गांव उन्हीके कब्जे में रहें। उनकेबाद उनके लड़के राजा धर्मजीत सिंह हुए। जिनके पुत्र राजा बहादूर चन्द्रशेखर प्रसार सिंह को 13.10.15 में गोद लिये और 8.12.1926 को स्वर्गवास कर गये। उनके मरने के बाद सरगुजा खोरपोशदारी के गांवों की जनता का प्रश्न खड़ा हुआ। चीफ कमिश्नर म0प्रांत के आदेशानुसार सन् 1926 में खोरपोशदारी जब्ती की कार्यवाही उचित ठहराई गयी और सन् 1931 में जप्त कर ली गयी। सरगुजा राज्य से राजा चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह के 5 विधवारानी और बेवा मांके वास्ते 60,000/- वार्षिक खर्च देना पड़ता था।

कोरिया राजवंश का इतिहास - कोरिया राजवंश का इतिहास बहुत पुराना नही है,यह चौहान जाति के क्षत्रिय है। यह वंश झिलमिल (भैयाथान) चौहान वंश की शाखा है। लगभग 1750 ई. में मैनपुरी जिला (उत्तरप्रदेश) के कुछ राजपूत जगन्नाथपुरी के लिए तीर्थटन को गये थे। वहां से वापसी में अंबिकापुर जिसे पहले विश्रामपुर कहते थें, वे लोग आकर ठहरे। उस समय महाराजा सरगुजा कही बाहर गये थे। संभवत: रांची गये थे। महाराजा की अनुपस्थिति में उनके कुछ दुश्मनों ने बगावतकर दिया और राजभवन को घेर लिया। गढ़ में केवल महारानी थी। उन्होने चौहान वीरों से अपनी रक्षा की याचना की और आदर स्वागत से गढ़ में लाकर ठहराये । इन चौहान वीरों ने उपद्रवियों को मार भगया इसी बीच में महाराजा भी दुश्मनों के बगावत की खबर से शीध्र लौट आये। उन्होने चौहान वीरों का बड़ा स्वागत किया तथा इनके बड़े भाई, दलयम्मन शाह को भैया कह के सम्मानित किया तथा झिलमीली इलाका भेंट किया।

कोरिया रियासत भी अन्य रियासतों के समान छोटा नागपुर की अन्य रियासतों में सम्मिलित थी। और उसे भी बंगाल प्रांत के अधीन रखा गया। कोरिया रियासत की भौगोलिक सीमा 1631 वर्ग मील तथा जनसंख्या (1905) 35113 थी। कोरिया की सीमा में उत्तर में रींवा रियासत, दक्षिण में बिलासपुर ,पूर्व में सरगुजा रियासत और पश्चिमी में चांगभखार का भाग। मई 1998 में छ.ग. के नक्शें में कोरिया जिले का मुख्यालय बनाया गया।

महाराजा सरगुजा के विशेष आग्रह से भैया दलयम्मन शाह झिलमौली ग्राम में अपने छोटे भाई धौरेलशाह के साथ आबाद हो गयी। वही वे अपनी गढ़ी बनाये । आज झिलमीली ग्राम में यह गढ़ी नही है पर स्थान पर चिन्ह/ वंश व शेष अभी भी वर्तमान में है। यह पुत्र मुगल बादशाह में पतन मराठों के उपद्रव का था। यह जमाना जूट और शौर्य का था। शीघ्र ही दोनो भाईयों ने अपने वीरों चित्त शौर्य से वर्तमान कोरिया राज्य पर जो झिलमीली इलाके से लगा हुआ है आक्रमण कर दिया।

उस समय कोरिया में वालेद क्षत्रिय राजा राज्य करता था। वह बड़ा पराक्रमी और वीर था। उसका राज उस समय कुदरगढ़,कोरियागढ़ और मुरेदगढ़ (चांगभखार) तक फैला था। लड़ाई में बालेंद हार कर विंध्य प्रदेश में भाग गया। कुछ इतिहासकारों का मत है कि उस समय कोल राजा कोरिया में राज्य करता था। जिसकी राजधानी कोरिया गढ़ में थी। यह स्थान एक पहाड़ी से घिरा हुआ है जिसमें एक तालाब तथा खंडहर आदि अब भी देखने को मिलते है। भैया दलयम्मन शाह कोरियागढ़ जीतने के बाद अपने छोटे भाई धौरेल शाह को कोरिया का राजा बनाया। धौरेलशाह ने अपने बड़े भाई के लिये अपने राज्य के अच्छे और बड़े-बड़े बाहर गांव टिकसीहक के लिये निकाल दिये। इन गांवो पर झिलमीली के भैया का बराबर तक हक चला आया और जमींदारी उन्मूलन तक उनके कब्जे में रहा बीच में भैया बहादूर झिलमीली और कोरिया राजा के बीच के अनबन होने के कारण इन टिकैसी गांव को राजा कोरिया ने जप्त कर लिया था। इससे नाराज होकर भैया झिलमीली ने कोरिया जाना बंद कर दिया। इससे कोरिया राजा के सम्मान में बड़ा धक्का पहुंचा। इस भूल को राजा शिवमंगल सिंह ने पुन: सुधार लिया। उन्हे आग्रह पूर्वक भैया को 26.12.1901 में बारहों टिकैसी गांव बसवाही, मधौरा, बरघरकारी, विशरी, खड़गवां आदि को मय सनद के भेंट किया।

राजा धौरेलशाह को कुछ लोग धरमलाल शाह का धर्मनशाह भी कहते है। उन्होने अपनी राजधानी नगर ग्राम बनाया । बाद में स्टेट की राजधानी रजाली सोनहर बैकुण्ठपुर हुई।

राजा धौरल शाह के वंशजों की सीधी वंशावली सन् 1897 मे राजा प्राण सिंह के मरने पर एक गयी।

सन् 1818 ई. में कोरिया राजा को भोसले राजा ने ब्रिटिश सरकार को सौंपदिया। ब्रिटिश शासन ने राजा प्राणसिंह के परिवार के दूर के रिश्ते के चाचा शिवमंगल सिंह को राजा मान लिया। राजा शिवमंगल सिंह के बाद उनके उत्तराधिकारी राजारामानुज प्रताप सिंह देव 1909 ई. में हुए। उस

समय ये नाबालिक थे। इससे राज्य की देखभाल ब्रिटिश सरकार के हाथ में रही। राजा रामानुज प्रताप सिंह देव 5 जनवरी 1925 को गद्दी पर बैठे। उनका विवाह 1920 में छोटा नागपुर के महाराजा की राजकुमारी से हुआ था। उनके चार पुत्र हुए। बड़े का नाम युवराज भूपेन्द्र नारायण सिंह देव है।

राजा रामानुज प्रताप सिंह देव बड़े प्रभावशाली शासक थे। अपने राज्य की बड़ी उन्नति किये। चारों ओर सड़के, स्कूल, अस्पताल, थाना आदि बनवाये। अपने स्टेट में रेलगाड़ी लाये। चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ के रेल्वे स्टेशन इस राज्य में है। स्टेट के खनिज पदार्थ का ठेका उन्होने देकर राज्य की आमदनी कई गुना बढ़ा लिया। इनके राज्य में प्रजा सुखी थी। शासन प्रबंध सुंदर एवं प्रशंसनीय था। इन्होने पूर्वी देशी राज्यों को संगठित किया। सन् 1931 ई. में द्वितीय राउन्ट टेबल कान्फरेंस में सरकार की ओर से छोटी रियासतों के प्रतिनिधि मनोनित किये गये। राजा साहब 1948 की पहली जनवरी को अपनी सत्ता भारत सरकार को सौपने के बाद बराबर बाहर ही रहते थें। 1956-57 के आस-पास उनकी मृत्यु हुई इनके छोटे भाई लाल रामशरण सिंह देवच आई.सी.एल.म.प्र. योजना आयोग के उपाध्यक्ष है। तीसरे भाई लाल हरीशरण सिंह देव बैकुंण्ठपुर में रहकर खेती कराते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. E.A D.I.C.S. Political Agent, Centeral Provinces Gazetters, Chhattisgarh Feudatory States, 1909.
2. समर बहादूर सिंह, सरगुजा का अध्ययन, प्रकाशन दुर्गादास जौहरी, वाराणसी, 1957
3. प्यारेलाल गुप्त, प्राचीन छत्तीसगढ़ ,प्रकाशक रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर ,1973
4. सरगुजा जिला गजेटियर, गजेटियर संचानालय, संस्कृति विभाग, म.प्र.भोपाल, 1989
5. रघुवीर प्रसाद, झारखण्ड झंकार, सुप्रिन्टेंडेंट कांकेर रियासत, बनारस, 1930

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
October to December 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIV

दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के उच्च शिक्षा में खेलों के प्रति महिला खिलाड़ियों का दृष्टिकोण

श्यामा कुँवर चौहान*

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – कोई भी शोध कार्य बिना महत्व के मात्र कागज के ढेर के समान है। अनुसंधान अगर मानव ज्ञान को नहीं बढ़ सकता तथा समाज को नई दिशा नहीं दे पाया तो वह शोध कार्य महत्वहीन है। शोध कार्य का महत्व ही उसे करने या नही करने की बात का निर्धारण करता है। मेरा शोध समाज को नई दिशा एवं ज्ञान दोनों ही प्रदान करता है। इस शोध अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष समाज में खिलाड़ी छात्राओं के प्रति अपने व्यवहार में निश्चित ही बदलाव लाएंगे, साथ ही समाज का खिलाड़ियों के प्रति दृष्टिकोण और महिला खिलाड़ियों की समाज से अपेक्षा का पता चलता है। उच्च शिक्षा में खिलाड़ी छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने में कारगर साबित होगा। साथ ही उन कारणों पर भी प्रकाश डाला जाएगा की क्यों उच्च शिक्षा तक आते आते खिलाड़ी खेल से दूर क्यों हो जाते है। उच्च शिक्षा में में महिलाओं के साथ व्यवहार को भी उजागर करेगा। महिला खिलाड़ियों के प्रति उनके परिवार का नजरिया कैसा है इस बात की जानकारी भी हासिल होगी। विवाह उपरांत खिलाड़ी छात्राओं की खेल में रुचि रहती है य नहीं वह खेल खेलना चाहती है या नहीं, नहीं चाहती है तो क्या कारण है किसी के दबाव मे या स्वेच्छा से खेल छोड़ा इसका ज्ञान इस शोध कार्य से संभव होगा।इन सभी सवालों काया उत्तार देने का भी प्रयास करेगा, यह शोध कोच के व्यवहार, जो विवादों में भी रहा है इस बात की सच्चाई तक पहुँचने में मदद करेगा। साथ ही चयनकर्ता के महिला खिलाड़ी से अपेक्षा को उजागर करने का प्रयास भी करेगा, खिलाड़ी के रूप में पहचान बनाती है, खिलाड़ियों की आवश्यकता की तरफ भी इंगित करेगा। महिला खिलाड़ियों के संघर्ष को कैसे कम कर सकते है उस बात की और भी ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करेगा। महिला खिलाड़ी के रूप में मान सम्मान, आर्थिक लाभ, समाज में पुरुष खिलाड़ी जितना दर्जा पाने की उम्मीद को साकार भी करेगा। इस शोध के द्वारा महिला खिलाड़ियों की दशा बताते हुए उनकी दिशा का निर्धारण करने का प्रयास जरूर करेंगे। समाज में एसी अलख जगाएंगे की बेटे जितनी जरूरी है बेटी,उसे भी पढ़ने के साथ साथ खेलने की स्वतंत्रता देनी चाहिए। बेटियाँ पिता का सर उंचा करने की ताकत रखती है। बस उम्मीद ओर भरोसा समाज को दिखाना होगा। यह शोध कार्य इन सभी बातों की ओर सबका ध्यान लाने की पूरी कोशिश करेगा।

प्रस्तावना – मेरा शोध कार्य 'उच्च शिक्षा में छात्राओं कि खेल सहभागिता कि स्थिति का अध्ययन' (दक्षिणी राजस्थान के विशेष संदर्भ में) खेल मानव जीवन के विकास का आधार है और बाल्यावस्था का मूल अधिकार है। खेल के मध्यम से ही बालक– बालिकाए अपनी नैसर्गिक आदतों को तथा अपने जज्बात को सही दिशा देता है। खेलों का महत्व मानव जीवन में कई दृष्टिकोणों से है, कई गुण जो उपदेशों से सीखने मे परेशानी होती है उसे खेल से सहज भाव से सिख जाता है। जो खेल खेल में अपने मानसिक एवं शारीरिक गुणों का विकास कर लेता है। इसमे धैर्य, मानवीय मूल्य, नेतृत्व के गुणों, भावनात्मक विकास, अनुशासन, ईमानदारी, मित्रता, प्रतिस्पर्धा सहयोग, जैसे गुणों का विकास स्वत: ही हो जाता है। अगर देखा जाए तो पृथवी पर जब से सृष्टि कि रचना हुई है तब से शारीरिक क्रियाए मौजूद है। क्योंकि शारीरिक शिक्षा, शरीर कि क्रियाओं का संबंध व्यक्ति के साथ जन्म से ही जुड़ जाता है। इसे स्वीकार करना पड़ेगा। व्यक्ति को पेट को पालने के लिए शारीरिक मजदूरी करनी ही पड़ती थी। शरीर के द्वारा जो भी क्रिया की जा रही है वह सभी अप्रत्यक्ष रूप से शारीरिक शिक्षा का एक अभिन्न अंग है।

वर्तमान के मशनरी युग में मनुष्य शारीरिक गतिविधियों से अधिक मानसिक गतिविधियाँ करता है। आज व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए शिक्षा साधन कि सुविधा आसानी से मिल जाती है, घर के कामों को करने के लिए अधिकतम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आ गए है साथ घर के अधिकतम कार्य हेतु एक घर में कम करने वाला रख लिया जाता है। जिस वजह से शारीरीक व्यायाम नहीं हो पाता है। ओर व्यक्ति अस्वस्थ हो रहा है।

शारीरिक शिक्षा को नजर अंदाज आज भी लोग कर रहे है आवश्यकता है इसे अपनाने कि इसे गंभीरता से लेने की समझने की है।

साहित्य का पुनरावलोकन :

1. विश्व स्तर पर विभिन्न संदर्भों में महिला छात्रों के बीच खेल की भागीदारी का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया है, और अनुसंधान ने अकादमिक प्रदर्शन, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर खेलों के सकारात्मक प्रभाव को लगातार दिखाया हैरूपनारायण, (2014), खेलों में भागीदारी में लैंगिक असमानताएँ: कई अध्ययनों ने खेल भागीदारी में लैंगिक असमानताओं के अस्तित्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से रूढ़िवादी और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में। प्रचलित सांस्कृतिक मानदंड, सामाजिक अपेक्षाएं, और सीमित अवसर लड़कों की तुलना में लड़कियों के बीच कम भागीदारी दर में योगदान करते हैं। ये अध्ययन लैंगिक असमानताओं को दूर करने और समावेशी खेल वातावरण बनाने की

आवश्यकता पर जोर देते हैं।बार्डे, (2015) शैक्षिक सेटिंग्स और खेल भागीदारी: खेल भागीदारी पर शैक्षिक सेटिंग्स के प्रभाव पर व्यापक रूप से चर्चा की गई है। शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के साधन के रूप में शैक्षिक संस्थान खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं हालांकि, अध्ययनों से संकेत मिलता है कि आदिवासी क्षेत्रों में स्कूलों और कॉलेजों में अक्सर खेल के बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षित प्रशिक्षकों और संगठित खेल कार्यक्रमों की कमी होती है, जो लड़कियों की भागीदारी को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है स्मिथ एंड सैंडरसन, (2015) मर्फी एंड पेटिटपास, 2010)। खेल में भागीदारी में बाधाएँ और चुनौतियाँ: विभिन्न बाधाएँ और चुनौतियाँ उच्च शिक्षा में खेलों में छात्रों की भागीदारी को प्रभावित कर सकती हैं। इनमें सुविधाओं और संसाधनों की कमी, सीमित धन, समय की कमी, शैक्षणिक दबाव, लैंगिक रूढ़िवादिता और सांस्कृतिक बाधाएं शामिल हो सकती हैं। देसाई और हर्स्टीन, 2016 'खेलों में भागीदारी में लैंगिक असमानताएँ' कई अध्ययनों ने खेल भागीदारी में लैंगिक असमानताओं के अस्तित्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से रूढ़िवादी और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में। प्रचलित सांस्कृतिक मानदंड, सामाजिक अपेक्षाएं, और सीमित अवसर लड़कों की तुलना में लड़कियों के बीच कम भागीदारी दर में योगदान करते हैं । ये अध्ययन लैंगिक असमानताओं को दूर करने और समावेशी खेल वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।

शोध पद्धति :

कार्यप्रणाली: वर्तमान शोध दक्षिणी राजस्थान में आदिवासी क्षेत्रों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली 100 महिला विद्यार्थियों के सर्वेक्षण के माध्यम से किया जाता है। आवृत्ति और प्रकार की खेल गतिविधियों, जिसमें छात्र भाग लेते हैं, उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों, और खेल भागीदारी के लिए बाधाओं पर डेटा एकत्र करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई थी। एकत्र किए गए आंकड़ों का वर्णनात्मक आँकड़ों का उपयोग करके विश्लेषण किया गया था, और परिणाम तालिकाओं और ग्राफ में प्रस्तुत किए गए थे।

अनुसंधान डिजाइन: अनुसंधान डिजाइन प्रकृति में वर्णनात्मक और दृष्टिकोण में पार-अनुभागीय होगा। डेटा संग्रह के लिए एक सर्वेक्षण पद्धति का उपयोग किया गया था ।

नमूना चयन:

प्रतिचयन: अध्ययन के लिए प्रतिदर्श का चयन करने के लिए एक बहु-स्तरीय प्रतिचयन तकनीक का उपयोग किया गया था। सर्वप्रथम अध्ययन क्षेत्र को जनजातीय जनसंख्या घनत्व के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा। इसके बाद हर जोन से कॉलेजों का रैंडम सैंपल लिया गया था। अंत में, प्रत्येक चयनित कॉलेज से छात्राओं का एक यादृच्छिक नमूना चुना किया गया था ।

डेटा संग्रह: महिला विद्यार्थियों के चयनित नमूने से डेटा एकत्र करने के लिए एक संरचित प्रश्नावली का उपयोग किया जाएगा। प्रश्नावली में बंद और खुले दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे। प्रश्नावली को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाताओं को शोधकर्ता या अनुसंधान सहायकों द्वारा प्रशासित किया गया था । डेटा 2-3 महीने की अवधि में एकत्र किया गया था ।

डेटा विश्लेषण: एकत्र किए गए डेटा का सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर जैसे SPSS या STATA का उपयोग करके विश्लेषण किया गया था । डेटा को सारांशित करने के लिए वर्णनात्मक आंकड़ों का उपयोग किया जाएगा और परिकल्पना का परीक्षण करने के लिए निष्कर्षात्मक आंकड़ों का उपयोग किया गया था।

नैतिक विचार: अध्ययन नैतिक दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था । प्रतिभागियों से सूचित सहमति प्राप्त किया गई थी, और उनकी गोपनीयता और गोपनीयता सुनिश्चित की गई थी ।

सीमाएं: अध्ययन समय और बजट की कमी, लक्षित आबादी तक पहुंचने में कठिनाई और प्रतिक्रियाओं में संभावित सामाजिक वांछनीयता पूर्वाग्रह जैसे कारकों तक सीमित था।

सारणी क्रमांक 1 : खेलों के प्रति महिला खिलाड़ियों का दृष्टिकोण का पता करना

क्र.	विवरण	हाँ	नहीं	योग
1.	आपको लगता है कि खेल जीवन को जीने की कला सिखाता है ।	93%	07%	100%
2.	खेल के माध्यम से जीवन में अनुशासन में रहना सिखाता है ।	97%	03%	100%
3.	क्या आपको एसा लगता है कि आधुनिक जीवन शैली में जहां भाग दौड़ भरी जिंदगी है उसमें खेल को खेलना चाहिए जिससे अपना स्वास्थ्य अच्छा रहे ।	99%	01%	100%
4.	महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरूकता की आवश्यकता है ।	98%	01%	100%

सारणी क्रमांक 1 के अनुसार शोध के द्वारा प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि आपको लगता है कि खेल जीवन को जीने की कला सिखाता है । इस सवाल पर 93 प्रतिशत महिला खिलाड़ी छात्राओं का कहना है कि खेल जीवन को जीने की कला सिखाता है । खेल को अपनाने से अंतिम समय तक संघर्ष करना सिखाता है, विपरीत परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करने कि कला सिखाता है । टीम वर्क की भावना को विकसित करता है । 55 प्रतिशत महिला खिलाड़ीयों का कहना की शहर की खिलाड़ी छात्राएं अच्छा प्रदर्शन करती है । 07 प्रतिशत महाइल खिलाड़ियों का कहना है कि जो खेल नहीं खेलते है क्या वो जीवन नहीं जीते है खेल न खेले तो भी जीवन अच्छे से जिया जा सकता है । 97 प्रतिशत महिला खिलाड़ियों का कहना है कि खेल से अनुशासित जीवन बनता है खेल नियम से खेला जाता है खेल मे अनुशासन सबसे ऊपर है इसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है और दैनिक जीवन में इसकी आदत में परिवर्तित हो जाती है । 99 प्रतिशत का कहना की इस भाग दौड़ भारी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए खेल खेलना आवश्यक है । 99 प्रतिशत महिला खिलाड़ियों का कहना है कि महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरूकता की आवश्यकता है । इसके लिए सबसे पहले महिलाओं को ही आगे आना होगा । साथ ही समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है । क्योंकि आज भी महिला खेलों और खिलाड़ियों को समाज में वह स्थान प्राप्त नहीं है जो उन्हे मिलना चाहिए ।

आरेख क्रमांक -1: खेलों के प्रति महिला खिलाड़ियों का दृष्टिकोण का पता करना



अध्ययन के निष्कर्ष दक्षिणी राजस्थान में आदिवासी क्षेत्रों से महिला छात्रों के बीच खेल भागीदारी के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। अध्ययन एक बहु-आयामी दृष्टिकोण का प्रस्ताव करता है जिसमें स्थिति में सुधार के लिए सामुदायिक भागीदारी, सरकारी समर्थन और निजी क्षेत्र की पहल शामिल है। खेल में भागीदारी के महत्व के बारे में समुदाय को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है, और पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन प्रदान करने के प्रयास किए जाने चाहिए। सरकार को जनजातीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन आवंटित करना चाहिए, और निजी क्षेत्र खेल आयोजनों को प्रायोजित करके और प्रतिभाशाली छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करके योगदान दे सकता है। कुल मिलाकर, अध्ययन एक स्थायी ढांचा बनाने के लिए एक सहयोगी प्रयास की आवश्यकता पर जोर देता है जो जनजातीय क्षेत्रों में महिला छात्रों के बीच खेल भागीदारी को बढ़ा सकता है।

अंत में, मौजूदा साहित्य एक सहायक वातावरण बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है जो महिला छात्रों के बीच खेल भागीदारी को प्रोत्साहित कर सके। खेल की भागीदारी को प्रभावित करने वाले कारक, जैसे सुविधाओं और संसाधनों की कमी, लैंगिक पूर्वाग्रह, और सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को समुदाय, सरकार और निजी क्षेत्र से जुड़े सहयोगी प्रयासों के माध्यम से संबोधित करने की आवश्यकता है। आदिवासी अंचलों के संदर्भ में बालिकाओं के बीच लोकप्रिय परंपरागत खेलों की पहचान करने के प्रयास किए जाने चाहिए और खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए। कुल मिलाकर, साहित्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद में भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बटलर जार्ज डी, (1959) 'सामुदायिक मनोरंजन का परिचय' न्यूयार्क मेक ग्राहिल कम्पनी।
2. खान इराज अहमद (1964) 'शारीरिक शिक्षा के इतिहास' सँटिफिक बुक कंपनी।
3. चार्ल्स ए. बुचर (1970) 'फाउंडेशन ऑफ फिजिकल एजुकेशन' लुईस : द.सी.वी.मॉसबै कंपनी।
4. इलयस एम. जे. (1973) 'वाई पीपुल प्ले एंगलवुड क्लीफस' प्रिंटिंग हाल।
5. गटसमथ्स (1978) 'प्रकृति और आधुनिक खेल एवं क्रीडा न्यूयार्क' कोलम्बिया यूनिवर्सिटी प्रेस।
6. पा:डेय लक्ष्मीकांत (1983) 'भूले बिसरे खेल' नई दिल्ली: मेट्रोपॉलिटीन।
7. एम. एल. कमलेश (1983) ने अपनी पुस्तक ' शारीरिक शिक्षा एवं खेलों का मनोविज्ञान' नई दिल्ली: मेट्रोपॉलिटीन।
8. शर्मा, डी. वी. (1984) 'विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों तथा खेलों में भाग नहीं लेने वाले खिलाड़ियों का मनो-सामाजिक चरों पर एक अभ्यास' नई दिल्ली: एनसीआरटी. पृष्ठ संख्या 459।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
October to December 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIV

भारतीय मंदिरों का नाट्यकला में योगदान

डॉ. ज्योति मिश्रा* एकता जायसवाल**

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति के जितने भी अभिन्न अंग है, यदि उनकी प्राचीनता की जड़ों का अध्ययन करें तो निश्चित रूप से आध्यात्म का सूक्ष्म सा ही सही परन्तु अंश अवश्य प्राप्त होता है। चाहे वह भारत की विभिन्न सभ्यता हो, भौगोलिक स्थिति जैसे वन, पर्वत, नदियां, नगर निर्माण या देवालय या मंदिर इत्यादि सभी के अन्त:स्थल में आध्यात्मवाद का एक अंश विद्यमान है। इन सभी की भांति भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है भारतीय संगीत और नाट्यकला। संगीत का आधार 'नाद' को ब्रह्म स्वरूप माना गया और नाट्यकला जोकि नृत्यकला का एक और सुव्यवस्थित, सुसज्जित एवं विकसित प्रकार है। वह भी नि:शंशैय आध्यात्मिकता से संबंधित हैं।

पहले यह जान लेते हैं कि नृत्य और नाट्य कैसे संबंधित है और आध्यात्म से कैसे संबंधित है। नृत्य और नाट्य दोनों एक ही नदी की दो धारायें है जिसमें सूक्ष्म सा अंतर स्थापित है। मगर इन दोनों के मूल में एक ही तत्व विद्यमान है, वह है अभिनय। नृत्य में हम सुर ताल के साथ लयात्मक अभिनय की प्रस्तुति करते है, और नाट्य में गद्य–पद्य आधारित संवाद के द्धारा अभिनय करते है। नाट्य में संगीत का प्रयोग गौण रूप से केवल सहायक तत्व के रूप में प्रयोग होता है। जबकि नृत्यकला में संगीत प्रमुख और विशेष रूप से प्रयुक्त होता है। या यो कहे कि नृत्य सुरताल पर आधारित होता है।

अब बात करते है कि किस प्रकार नृत्य और नाट्यकला मंदिर या देवालय से सम्बन्धित है।

प्राचीनकला से ही मंदिर या देवालय सामाजिक केन्द्र के महत्वपूर्ण स्थल रहे है। ये (मंदिर) ऐसे स्थान हुआ करते थे कि जहां संगीत, नृत्य एवं युद्ध इत्यादि कलाओं को सम्मानित किया जाता था।

मंदिरों के यदि निर्माण को देखे तो गुप्तकाल में (4 से 6 शता0) में मंदिरों के निर्माण का उत्तरोत्तर विकास दृष्टिगोचर होता है। 7 शता0 तक देश के आर्य संस्कृति वाले भागों में पत्थरों के मंदिरों का निर्माण होना पाया गया। गुप्तवंश के काल में मंदिरों का अस्तित्व और उनकी भव्यता देखने को मिलती है। चूंकि भारतीय संस्कृति में मंदिरों का विशेष स्थान और महत्व रहा है। अब इसका नृत्य और नाट्यकला से किस प्रकार संबंध है यह जानते है। मंदिर भारतीय कलाओं का महत्वपूर्ण उदाहरण है। भारतीय साहित्य के अंदर नटराज जोकि नृत्य और अभिनय के देवता है साथ ही उन्हें शिव स्वरूप समझा जाता है। इसका अभिप्राय इस प्रकार भी ले सकते हैं कि नटराज अर्थात् 'शिव' सर्वोच्च नर्तक है।

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ.सोनल मानसिंह यह अभिव्यक्त करती है कि भारत का ज्यादातर नृत्य परम्पराओं मंदिर कलाओं के उदाहरण है। इनका जन्म मठ एवं मंदिरों से हुआ। उनमें अधिकांशत: कार्य व्यवहार देवताओं के प्रति आभार प्रदर्शन के अर्थ में होता आया है। पुराणों में, धर्म ग्रन्थों, संत या भक्ति साहित्य में भजनवलियों और मंदिरों के महात्म्य का वर्णन ही नृत्य विधा में होता रहा है। मंदिरों से जन्म लेने वाली चाहे नृत्य परम्परा हो या शास्त्रीय संगीत परम्परा हो या फिर नाट्यकला परम्परा हो। इनकी गहनता या गहराई में जो तत्व विद्यमान है वो यह है कि इन सभी का प्रयोग मंदिर में ईश्वर से सम्बन्धित होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से रहा है।

देवालय में प्रतिष्ठित देव या देवी के लिए नित्य होने वाली विभिन्न प्रक्रिया जैसे स्नान, श्रृंगार, आरती, भोग, शयन, प्रात: एवं सायं जागरण, वन्दन तथा विभिन्न अवसरों पर आयोजित उत्सव एवं मांगलिक आयोजनों में नृत्य संगीत एवं अन्य कलाओं के प्रयोग की परम्परा रही है। जिसमें नृत्य और नाट्यादि के माध्यम से ईश्वर की विभिन्न लीलाओं का वर्णन, उनकी यशोगाथा का वर्णन एवं उनकी असीम अनुकम्पा के हेतु किया जाने वाला धन्यवाद ज्ञापन इत्यादि की प्रस्तुति दी जाती थी। जो परम्परायें आज दक्षिण भारत के विभिन्न मंदिरों में प्रयुक्त होती है, वही परम्परा मुगल एवं अन्य आक्रमणकारियों के पूर्व सम्पूर्ण भारत में तत्कालिक संस्कृति का आवरण ओढ़े हुये विभिन्न मंदिरों में प्रयुक्त हुआ करती थी।

मुगल एवं अन्य आक्रमण काल के पूर्व भारत में बहुत ही विशाल और भव्य वैभवशाली मंदिरों का अस्तित्व रहा है। जिनमें बड़े–बड़े परिसर हुआ करते थे। मंदिर और मठ की व्यवस्थापकों और संस्थापकों ने भारतीय संस्कृति की इन विभिन्न विधाओं और परम्पराओं के भरण पोषण और संरक्षण एवं विकास के लिए अथक प्रयास किये।

मंदिरों में होने वाले संगीत और नाटय प्रदर्शन को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई जिसके लिए मंदिर परिसर में ही नाट्यमण्डप या रंगमंच की व्यवस्था की। जिस पर कलाकार अपनी प्रस्तुति दे सके। कलाकार की अभिव्यक्ति को और प्रभावपूर्ण बनाने हेतु नाट्यमंडपों या रंगमंच पर विभिन्न प्रकार की वास्तुकला एवं चित्रकला की आकृतियां उकेरी गई। इन कलाओं का सार्वजनिक प्रदर्शन इस कारण हुआ कि एक तो लोग अपनी संस्कृति, धर्म को जाने, दूसरा उनमें ईश्वर से जुड़े रहने का भाव

जागृत हो और तीसरा अच्छी और उत्तम और उच्च कोटि की कलाप्रदर्शन को देखकर उनका होने वाला मनोरंजन आदर्श और उत्तम कोटि का हो न कि निम्नकोटि का।

भारत की विभिन्न शास्त्रीय नृत्य परम्परा को यदि देखे तो इस सभी के उदगम और विकास में भारतीय सनातन धर्म का आध्यात्मवाद का तत्व निहित है।

अर्थात् हम प्रमाणिक रूप से कह सकते है कि इन शास्त्रीय नृत्य का उद्भम आध्यात्म से हुआ है जैसे भारत का अत्यन्त प्रसिद्ध और प्राचीन नृत्य 'भरतनाट्यम' मंदिर की देवदासियों द्वारा ईश्वर के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। कथकली के अन्तर्गत रामायण महाभारत और महाकाव्यों की कथाओं तथा चरित्रों का अभिनय प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु द्वारा मोहिनी रूप धारण करने की कथा से मोहिनी अट्टम नृत्य का उदभव हुआ।

ब्रहोश्वर मंदिर, कोणार्क के सूर्य मंदिर के साथ और भी अनेक मंदिरों के शिलालेखों में ऐसा वर्णन मिलता है। चूंकि नाट्य, नृत्य से ही प्रस्फुटित एक विकसित धारा है जिसमें संगीत गौड़ रूप से किन्तु प्रयोग अवश्य होता है। इस आधार पर हम यह कह सकते है कि नाट्य के आरम्भ का भी आधार आध्यात्म से अवश्य ही संबंधित होगा।

भारत के प्राचीनकालीन निर्मित कई ऐसे मंदिरों के उदाहरण है जिनके वास्तु को देखकर यह प्रमाणिक रूप से कहा जा सकता है कि मंदिरों में नृत्य की भांति नाटकों को भी खेले जाने की परम्परा रही। जैसे बरोली का घाटेश्वर मंदिर

नीलकण्ठेश्वर मंदिर

लूना वासाही के इस चित्र को देखकर यह भी कहा जा सकता है कि कई बार मंदिर में बने यसभा मण्डपय में ही नृत्य नाटक की प्रस्तुतियां होती होगी जैसे कभी राजा की सभा दरबार में नृत्य एवं नाट्य खेले जाते थे।

चितौड़ में बने कालीमाता के इस मंदिर की यदि वास्तु कलाकृति को देखे तो यह प्रतीत होता है कि जैसे किसी नाट्य प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाने के लिए रंगमण्डप को सजाया गया है।

मध्यप्रदेश के बादोह क्षेत्र में बने देवी गदर मल जैन मंदिर के चित्र में रंगमण्डप एक खुले स्थान पर बना जिसे देखने से प्रतीत होता है कि कलाकार प्रस्तुति तो ईश्वर के सम्मुख देगा किन्तु दर्शकों में जन सामान्य को भी सम्मिलित करने की व्यवस्था की गई है।

भारतवर्ष में मुगलों के आगम के पूर्व भी विदेशी जातियों और समुदाय के द्वारा आक्रमण हुआ किन्तु सर्वाधिक आघात और विध्वंशता मुगलों के साथ आई और उनके जाने के पश्चात् तक बनी रही जब तक अंग्रेज रहें। आक्रमण से बहुत से मंदिर पूर्ण रूप से नष्ट हो गये कुछ आधे नष्ट हुये। जिन मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुआ है। उनका सूक्ष्म निरीक्षण यह बताता है कि भारतीय नाट्य कला कितनी प्राचीन और समृद्धशाली परम्परा थी। इस नाट्य कला के विकास और संवर्धन में इन मंदिरों का कितना महत्वपूर्ण योगदान रहा। ईश्वर के सम्मुख दी प्रस्तुति के अन्तर्गत अभिव्यक्त भावों में कितनी पवित्रता होती थी, जिनके देखने से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों के मन में उतनी पवित्रता का भाव उत्पन्न होता था।

आधुनिक काल में भारतीय संस्कृति की शास्त्रसम्मत नियमों से बंधी शास्त्रीय कला के स्तर में भले ही गिरावट न आई हो किन्तु आधुनिकता की अंधाधुन्ध दौड़ और फूहड़ मनोरंजन की चाह रखने वालों के कारण शास्त्रीय कलाओं के दर्शकों की संख्या में कुछ कमी सी हो चली है।

सम्भव है कि शास्त्रीय कलाओं से दूरी होने के कारण ही आधुनिक कालीन जीवन शैली और मानवीय संवेदनाओं एवं सभ्यता का स्तर बहुत ही निम्न हो गया है।

अपने जीवन के स्तर को और समाज को सभ्य सुसंस्कृत बनाने के लिए हमें खुद को और समाज दोनों को ऐसी सुन्दर शास्त्रीय कलाओं के क्षेत्र की ओर बढ़ना होगा और ऐसी सुन्दर परम्परा को दुबारा पुनर्जीवित करते हुये समृद्धशाली बनाना होगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. Temples of India-Krishna Dev

2. https://cdn.visionias.in
3. https://hindiarise.com
4. https://www.indicatadayengreads
5. https://testbook.comdance
6. google.com/amp/s/www.jagaran.com
7. hindi.orktoday.in

****